# आईआईएम करेगा लीडरशिप समिट की मेजबानी

# केस स्टडी के जरिए उद्योगपति देंगे स्टार्टअप टिप्स

रायपुर। भारतीय प्रबंध संस्थान अपने 8वें लीडरशिप समिट का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित दो दिवसीय आयोजन है में विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिट 24 और 25 अगस्त को आईआईएम कैंपस में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा मुख्य वक्तव्य दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में एगोंडे के संस्थापक-सीईओ रुपेश संघवी तथा सर्विसनाउ की कमोलिका गुप्ता शामिल होंगी। इस वर्ष के समिट की थीम 'व्यवसाय स्वामी बनाना' है। इसका उद्देश्य उभरते हुए लीडर्स को आज के गतिशील व्यावसायिक वातावरण में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना है। इस थीम के माध्यम से, रणनीतिक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नैतिक निर्णय लेने पर जोर देते हुए ऐसे लीडर्स को विकसित करने की कोशिश की जाएगी जो नवाचार को बढ़ावा दें और स्थायी, समावेशी प्रथाओं को आगे बढ़ाएं। विभिन्न व्यावायिक प्रतिष्ठानों से 32 वक्ता इसमें शामिल होंगे। इनमें सौरेन पॉल, अभिषेक महंती, सुब्रमणियन चिदंबरम, सुमित सांगवान, अंजनी के. जाजोदिया, रीना इवांस, चंद्रप्रकाश जैन सहित कई नाम शामिल हैं।

## आज से प्रांरभ होगा समिट, जुटेंगे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि

## जटिलताओं से परिचित होंगे छात्र

आईआईएम डायरेक्टर प्रो. रामकुमार काकानी ने कहा कि हम विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की गहरी समझ रखने वाले उद्योग विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। विभिन्न उद्योगों से आए ये कॉर्पोरेट एक्सपर्ट अपने मूल्यवान अनुभवों और दृष्टिकोणों को साझा करेंगे, जिससे हमारे छात्रों संबंधित क्षेत्रों की जटिलताओं और उनके समाधान से परिचित हो सकेंगे। 8वां लीडरशिप समिट 2024 ज्ञानवर्धक चर्चाओं और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

## उद्योग विशेषज्ञों संग साझा करेंगे चीजें

विभिन्न उद्योगों के प्रतिष्ठित वक्ताओं का एक पैनल अपने सेशन में केस स्टडीज और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को संबंधित ज्ञान देंगे। छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों और सहकर्मियों के साथ नेटवर्किंग का अवसर भी मिलेगा। आईआईएम प्रबंधन का कहना है कि इसके माध्यम से सकारात्मक बदलाव और संगठनात्मक विकास में योगदान दिया जा सकेगा।

**Haribhoomi (Haribhoomi live), 23 August, 2024, P. 01**